## मदनमोहन जी मंदिर मे 56 भोग आज

**करौली ( नि.स. )।** करौली नगर परिषद सभापति पूनम पचैरी के परिवार की ओर से आज सोमवार को आराध्य देव मदन मोहन जी मंदिर एवं कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर पर छप्पन भोग,फूल बंगला का आयोजन किया जाएगा। करौली नगर परिषद की सभापति पूनम पचैरी एवं उनके पति मुकेश पचैरी और परिवार कि ओर से आज सोमवार को जन-जन के आराध्य देव भगवान मदन मोहन जी महाराज के मंदिर एवं कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर पर छप्पन भोग का आयोजन किया जाएगा।

इससे पूर्व सभापति पूनम पचैरी और उनके परिवार के सदस्यों सहित करौली शहर के सर्व समाज के प्रमुख लोगों ने रविवार को शाम पोशाक यात्रा निकालकर भगवान को अर्पण की पोशाक यात्रा उनके रामनगर स्थित आवास से शुरू हुई जो गुलाब बाग तिराहा, अस्पताल रोड, हिंडौन गेट, फूटा कोट चैराहा होते हुए मदन मोहन जी मंदिर पहुंची।

इस दौरान बैंड बाजो कि मधुर धुन पर बज रहे भजनों पर श्रद्धालु नाचते गाते भगवान के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे वहीं लोग भगवान को अर्पण करने के लिए पोशाक के कपड़े, फल, फ्रूट, मेवा, मिष्ठान आदि हाथों में लेकर चल रहे थे। जगह-जगह लोगो ने पोशाक यात्रा पर पुष्प वर्षा की।

# मानव सेवा संस्थान की पहल, सनातन धर्म की अनूठी पहल : मानसिंह गुर्जर

**गंगापुर सिटी।** मानव सेवा संस्थान के तत्वावधान में देवी देवताओं की पुरानी खंडित,मूर्ति, प्रतिमा, फोटो व तस्वीर का स-सम्मान विसर्जन के कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मानव सेवा संस्थान के सचिव विनोद आपणो मार्ट ने बताया की बाईपास पर मानसिंह गुर्जर

■ **मानव सेवा संस्थान के तत्वावधान में देवी देवताओं की पुरानी खंडित,मूर्ति, प्रतिमा, फोटो व तस्वीर का स-सम्मान विसर्जन के कार्यक्रम की शुरुआत की गई**

पूर्व विधायक, शिवरतन अग्रवाल सभापति नगरपरिषद, हेमंत शर्मा निदेशक कूहु इंटरनेशनल स्कूल ने कार्यक्रम के पोस्टर बैनर का विमोचन किया। शहर में पुरानी प्रतिमाओं तस्वीरों को जमा करने के चार स्थान बनाए गए हैं। पहला श्री गोपाल गौशाला दशहरा मैदान, दूसरा श्री गोपाल गौशाला नहर के पास, श्री गोपाल गौशाला भजनाश्रम जयपुर रोड, श्री लाडली लाल जू आइसोलेशन सेंटर, बडी उदेई चौराहे के



इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम के पोस्टर बैनर का विमोचन किया गया।

पास, बाईपास रोड। इन चारों स्थान पर शहरवासी सनातनी प्रात: 6 बजे से लेकर सांय 5 बजे तक पुरानी तस्वीर और प्रतिमाओं को जमा करवा सकते हैं। पोस्टर का विमोचन करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने कहा की मानव सेवा संस्थान की यह पहल सनातन धर्म की अनूठी पहल है। देवी देवताओं की पुरानी खंडित मूर्ति, प्रतिमा, फोटो व तस्वीर जो गलती से हम लोगों से इधर-उधर रख दी जाती है उनको एकत्रित कर शास्त्रोक्त विधि से विसर्जन करने का बीडा जो मानव सेवा संस्थान ने उठाया है उसका सनातन में बडा ही महत्व है। संस्थान की यह पहल जिस जगह पुरानी प्रतिमाओं की होनी चाहिए उनका सही विधि से विसर्जन का निर्णय बडा ही सराहनीय है। विशिष्ट अतिथि शिवरतन अग्रवाल सभापति नगर परिषद ने कहा कि मानव सेवा संस्थान शहर की अग्रणीय संस्था है। संस्थान द्वारा हमेशा से ही मानवीय सेवाओं के कार्य किये जाते रहे हैं पुष्पक विमान, गो एंबुलेंस, बॉडी फ्रीजर एवं अन्य कई सेवाएं शहर में मिल का पत्थर साबित हो रही है। निश्चित रूप से दीपावली की साफ सफाई पर पुरानी प्रतिमाओं तस्वीरों का स-सम्मान विसर्जन कार्यक्रम सनातनी लोगों के लिए उपयोगी साबित होगा। अतिथि हेमंत शर्मा निदेशक कुहू इंटरनेशनल स्कूल ने कहा की शहर में अनेक संस्थाएं हैं सभी सेवा का कार्य कर रही है परंतु मानव सेवा संस्थान हमेशा ही लोगों की जरूरत के नवीन विषय को लेकर नए कार्यत्रम चलाती है। कोरोना काल में पुष्पक विमान की सेवा, लंपी में गो-एंबुलेंस की सेवा को शहर के लोगों ने नजदीक से देखा है ऐसे में पुरानी प्रतिमाओं का स-सम्मान विसर्जन कार्यक्रम सेवा संस्थान की सराहनीय पहल है। संस्थान के अध्यक्ष प्रमोद मोदी ने कहा कि मानव सेवा संस्थान हमेशा की तरह शहर में सेवा के कार्य करती रहेगी। पुरानी प्रतिमाओं व तस्वीरों का स-सम्मान विसर्जन कार्यक्रम से अधिक से अधिक सनातनीयों की जुडने की अपील की है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, विशिष्ट अतिथि शिवरतन अग्रवाल नगर परिषद सभापति,हेमंत शर्मा निदेशक कुहू इंटरनेशनल स्कूल, मानव सेवा संस्थान के संरक्षक विजय गोयल, नरदेव गुप्ता, संजय ठीकरिया संस्थान अध्यक्ष प्रमोद मोदी, कोषाध्यक्ष विमल पारले, गौशाला व्यवस्थापक नितेश मोदी, अंकित गोयल, महेश आरेड्या, राधारमण शर्मा, महेश सर्वेयर, डॉ राहुल होम्योपैथिक, राहुल गुप्ता, धीरेंद्र गुर्जर कंपाउंडर आदि के साथ अनेक महानुभाव उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### विजेताओं का सम्मान किया

**भरतपुर (निस)।** राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय भरतपुर में 18 से से 19 अक्टूबर तक इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग द्वारा गठित इनोवेटिव सर्किट क्लब के अन्तर्गत ''टेक्नोफेस्ट 2के24'' प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया था। इस प्रतियोगिता के अन्तर्गत वर्किंग प्रोजेक्ट, नॉन वर्किंग मॉडल, पोस्टर प्रेजेंटेशन एवं टेक्निकल क्वीज आदि प्रतियोगिताऐं करवायी गयी थी। उक्त प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के विभिन्न ब्रांच के विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया गया था जिसके तहत विद्यार्थियों ने अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किये थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रवि गुप्ता ने बताया कि विभिन्न प्रतियोगिता जैसे वर्किंग प्रोजेक्ट में छात्र आर्यन, प्रशांत ने प्रथम स्थान और जतिन, कार्तिक ने द्वितीय एवं विपुल, विष्णु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं नॉन वर्किंग मॉडल प्रतियोगिता में छात्र मंयक ने प्रथम स्थान और पंकज ने द्वितीय स्थान एवं अर्चना, निशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में छात्रा साक्षी ने प्रथम स्थान और मंयक ने द्वितीय स्थान एवं रितिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। टेक्निकल क्वीज प्रतियोगिता में छात्रा हिमांशी ने प्रथम स्थान और केशव ने द्वितीय स्थान एवं आयुषी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रवि गुप्ता ने उक्त प्रतियोगिता में विजयी रहे विद्यार्थियों को सम्मानित कर सभी विजयी रहे विद्यार्थियों को बधाई दी। इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में महाविद्यालय के इलैक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग के विभाग से डॉ. सुधीर केसरी, पुनीत नारायण, फतेह सिह लौहार एवं नदीम द्वारा सहयोग किया गया। प्रतियोगिता का संचालन इलैक्ट्रॉनिक्स कम्यूनिकेशन एण्ड इजीनियरिंग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अरूणा पाठक द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के सुचारू संचालन में महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य सुखपाल सिंह एवं विद्यार्थियों कॉर्डिनेटर मोनू गोयल, मनीषा शर्मा, रोमांशु, वैष्णवी, अर्चना विष्णु, यश, जतिन, कार्तिक, दिव्या, पीयुष एवं विवेक द्वारा अपना सहयोग दिया गया।

### 12वां जिला सम्मेलन मनाया

**भरतपुर (निस)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी का 12वां जिला सम्मेलन नदिया मोहल्ला स्थित कार्यालय जिसे कॉमरेड सीताराम येचुरी नाम दिया गया पर संपन्न हुआ। सम्मेलन की प्रारम्भ में पार्टी के वरिष्ठ साथी कॉमरेड नंदकिशोर के द्वारा झंडा रोहण से किया गया। जिसके पश्चात् सभी साथियों ने शहीद वेदी पर पुष्प अर्पित कर दिवंगत क्रन्तिकारी साथियों को श्रद्धांजलि दी। सम्मेलन में जिला सचिव कॉमरेड जितेंद्र कुम्भज ने विगत तीन साल की रिपोर्ट रखी। जिस पर 12 से अधिक साथियों ने चर्चा की और सर्वसहमति से रिपोर्ट को पारित किया गया। इसके पश्चात जिला कार्यकारिणी चुनाव हुआ जिसमें कॉमरेड अशोक जैन, रम्मो हवलदार, नंदकिशोर, जितेन्द्र कुम्भज निर्लेप मिश्रा दिनेश शर्मा होती सिंह तथा स्थायी आमंत्रित सदस्य कॉमरेड दिनेश शुक्ला, राममोहन गुप्ता, अशोक कुमार जघीना चुने गये। जिला कार्यकारिणी ने जिला सचिव कॉमरेड जितेंद्र कुम्भज को चुना। सम्मेलन में समापन भाषण देते हुए कॉमरेड गुरुचरण मोंठ ने कहा कि दुनिया में कॉर्पोरेट साम्राज्यवाद का विस्तार हो रहा है और देश में बीजेपी ने इस एजेंडे को बढ़ा रही है। सम्मेलन की अध्यक्ष मण्डल में कॉमरेड नंदकिशोर अशोक जैन और रम्मो हवलदार थे। जिला सम्मेलन कॉमरेड मिथुन चक्रपति, नेकराम नेक, आशीष मिश्रा, प्रेम सिंह, जगराम मीणा, विशवेंद्र स्टोन, हरिओम, पारस जैन, भगतसिंह और रवि आदि उपस्थित थे।

### करवाचौथ पर्व धूमधाम से मनाया

**भरतपुर (निस)।** अपना घर आश्रम के स्प्रीचुअल पार्क में रविवार को करवाचौथ पर्व धूमधाम से मनाया गया। घर, परिवार, पति सब कुछ है। लेकिन मानसिक हालत एवं विभिन्न शारीरिक हालतों ने साथ नहीं दिया और रिश्तों ने भी विसरा दिया। अपना घर आश्रम भरतपुर में 3334 निराश्रित महिलाएं आवासरत हैं। जिन्हें देश के विभिन्न स्थानों से अस्वस्थ हालत में लाकर अपना घर में भर्ती किया गया और सेवा व उपचार के बाद वे ठीक हैं। जिनमें से आज 145 माता-बहिनों के साथ इतना सब कुछ घटित होने के उपरान्त भी पति के प्रति समर्पण कम नहीं हुआ है। इसलिए हर साल करवा चौथ पर पति की दीर्घायु के लिए निर्जला व्रत रखती है। महिलाओं के द्वारा विधि विधान के साथ करवा चौथ मनाई गई क्योंकि इन्हें लगता है कि कभी तो उन्हें इस व्रत का फल मिलेगा। अभी इनके अंदर उम्मीदें जिंदा है, पति से अधिक परमात्मा पर भरोसा कर रही हैं। कहती हैं उनका व्रत एवं आस्था किसी दिन पति के दिल तक अवश्य पहुंचेगी। परमात्मा के यहां देर हो सकती है पर अंधेर नहीं। इससे पहले निर्जला व्रत कर रही आश्रम की सभी महिलाओं ने मेहंदी लगाई, चुंदडी परिधान पहनकर दोपहर 1 बजे चौथ माता की कहानी सुनी।

### डॉ. गर्ग ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्र का किया दौरा

**भरतपुर ( निस )।** पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने भरतपुर दौरे के दूसरे दिन ग्रामीण व शहरी क्षेत्र का दौरा कर आमजन की समस्याओं को जाना और उनकी समस्याओं का समाधान कराने का विश्वास दिलाते हुये सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को समस्या समाधान के निर्देश दिये। डॉ. सुभाष गर्ग विधानसभा क्षेत्र के गांव महाराजसर, तुहिया, त्यौंगा, सहनावली, दानी का नगला, खैमरा, घुस्यारी, बृज नगर, रंजीत नगर सहित विभिन्न कॉलोनियों में पहुंचकर लोगों के दुःख-सुख में शामिल हुये। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली, पानी, अतिक्रमण, सडक, जल भराव जैसी समस्याओं को जानकर सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिये। डॉ. गर्ग ने बिजली की अघोषित कटौती पर विराम लगाने के भी निर्देश देते हुये किसानों की रबी की फसल के लिये पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने पर जोर दिया। डॉ. गर्ग ने दूसरे दिन भी रंजीत नगर कार्यालय पर जन सुनवाई कर आमजन की समस्याओं को सुनकर समाधान कराने का विश्वास दिलाया।

## छठी अधिष्ठाता समिति की रिपोर्ट लागू

**भुसावर भरतपुर (निस)।** कृषि महाविद्यालय भुसावर ने एसकेएन कृषि विष्वविद्यालय जोबनेर के दिशा निदेर्शो के अनुसार नई शिक्षा नीति 2020 के तहत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा गठित छठी अधिष्ठाता समिति की रिपोर्ट को लागू कर दिया है।

महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि छठी अधिष्ठाता समिति ने कृषि में उद्यिमता विकास पर जोर दिया है, इसमें विद्यार्थी स्वयं की रूचि से विषय चुनकर उद्यिमता विकास कर सकेंगे।

इसके लिए कृषि मे कौशल आधारित विषयों की व्यवस्था की गई है। विद्यार्थियों के सर्वांगिण व्यक्तित्व विकास के लिए पर्सनलिटी डवलपमेंट, योग, कम्युनिकेशन स्किल, भाषा कौषल, खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, एनएसएस, एनसीसी, स्पीकिंग स्किल आदि को अनिवार्य किया गया है। डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि चार वर्षीय स्नातक डिग्री के लिए कुल 177 क्रेडिट में से 10 क्रेडिट ऑनलाइन अनिवार्य किये गये हैं, जिससे विद्यार्थी देश-विदेश के ख्यातिनाम विषय विशेषज्ञ से ऑनलाइन ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। स्नातक डिग्री के पाचवे सेमेस्टर में 10 से 14 दिन के शैक्षिणक भ्रमण को अनिवार्य किया गया है जिससे विद्यार्थी देश के बड़े शैक्षिणक व अनुसंधान संस्थानों के कार्यों का अवलोकन कर सकेंगे। डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि छठी अधिष्ठाता समिति ने परीक्षा व्यवस्था में भी व्यापक सुधार किये हैं। अब एक सेमेस्टर में एक मिड टर्म, दो क्विज, एक सैदान्तिक व प्रायोगिक परीक्षा होगी। विद्यार्थी को प्रथम वर्ष के बाद योग्यतानुरूप महाविद्यालय बदलने की स्वतंत्रता दी गई है।

# सनातन स्कूल भरतपुर को जिले का शीर्ष स्कूल का मिला सम्मान

**भरतपुर (निस)।** सनातन स्कूल भरतपुर ने शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। एजुकेशन वर्ल्ड द्वारा इसे जिले का नंबर वन स्कूल घोषित किया गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार स्कूल की शैक्षिक उत्कृष्टता, आधुनिक शिक्षण दृष्टिकोण, और छात्रों के समग्र विकास के प्रति समर्पण का प्रमाण है। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. एस. सी. शर्मा ने इस सम्मान को विद्यालय परिवार के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह पुरस्कार हमारे स्कूल के समर्पित शिक्षकों, मेहनती छात्रों और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। हम सदैव अपने छात्रों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने और उन्हें सर्वोत्तम शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस मान्यता से हमारा आत्मविश्वास और भी बढ़ा है और हम आगे भी उत्कृष्टता




के नए मानदंड स्थापित करने की दिशा में प्रयासरत रहेंगे। सनातन स्कूल ने अपनी बेहतरीन शैक्षिणक वातावरण, अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, उन्नत शिक्षण साधनों और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के जरिए एक उच्चस्तर की शिक्षा प्रदान करने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। विद्यालय में खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और रचनात्मकता को भी प्रोत्साहित किया जाता है, जिससे छात्रों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास को संतुलित किया जा सके। इस सम्मान ने विद्यालय के शिक्षकों में भी नया जोश और उत्साह भर दिया है। छात्रों ने भी इस अवसर पर गर्व व्यक्त किया और कहा कि यह सम्मान उन्हें अपनी पढ़ाई और गतिविधियों में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा। वहीं, अभिभावकों ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह पुरस्कार इस बात की पुष्टि करता है कि उनके बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है और उनका भविष्य सुरक्षित हाथों में है। एजुकेशन वर्ल्ड का यह पुरस्कार शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता और नवाचार को मान्यता देने के लिए है।

सनातन स्कूल ने इस पुरस्कार के साथ जिले मे शिक्षा के उच्च मानदंड स्थापित किए हैं, जो अन्य शिक्षण संस्थानों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनेंगे। इस अवसर पर, विद्यालय ने उन सभी का आभार व्यक्त किया जिन्होंने इस यात्रा में साथ दिया और स्कूल की सफलता को संभव बनाया।

# 'आमजन के सहयोग से पुलिस मजबूत होगी'

**रूपवास ।** रूपवास थाना परिसर में सीएलजी सदस्य, ग्राम रक्षक दल, व्यापार मंडल, जनप्रतिनिधियों व सुरक्षा सखियों की बैठक थानाधिकारी लखन खटाना की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि बयाना के एएसपी हरिराम कुमावत थे। विशिष्ट अतिथि सीओ नीरज भारद्वाज, तहसीलदार अमित शर्मा, पूर्व प्रधान रविंद्र सिंह परमार, बार के पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश पाराशर, जिपस सुरेश राजावत, सरपंच राकेश भातरा, डब्बू बंसल, गोरक्षा प्रमुख संतोष सिकरवार, कृष्णा जाट थे। एएसपी कुमावत ने कहा कि आमजन के सहयोग से ही पुलिस मजबूत होगी। तथा घटनाओं पर अंकुश लगाने में कामयाब होगी। इसलिए आप सब लोग हमेशा पुलिस की मदद करे। वही जनप्रतिनिधियों व नेताओ से कहा कि किसी भी घटना को राजनेतिक रूप न दे। क्योंकि इससे पुलिस अनावश्यक रूप से परेशान होती है। जिससे अपराधी को भागने का मौका मिल जाता है। तथा शव को लेकर धरना प्रदर्शन भी नही करने की बात कही। सीओ नीरज भारद्वाज ने त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाने की बात कही। सीएलजी सदस्य संतोष सिकरवार ने बिजलीघर से लेकर मेला मैदान, रेलवे स्टेशन, मुख्य बाजार के रास्ते महादेव चौक तक रात को गश्त बढ़ाने व बिना काम के घूमने वाले असामाजिक तत्वों को रोकटोक करने की मांग की। अधिवक्ता जेपी पाराशर ने नगरपालिका द्वारा कस्बे में जगह जगह लगाये गये सीसीटीवी कैमरों व विद्युत पोलो पर लग रही लाइटो को सही कराने की भी बात कही। जिससे काफी हद तक क्राइम कंट्रोल होगा।व्यापार महासंघ के महेश बंसल, विनोद मंगल ने यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए मुख्य बाजार में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक भारी वाहनों को गौरव पथ से निकालने व एक तरफ से आवाजाही करने की मांग की।

सभी सदस्यों ने यूपी बॉर्डर का थाना होने के कारण नयागांव, मिलसमा, खेरिया बिल्लोच, नगला तुलसी, नोहरदा, मालोनी मोड़, सिंघावली की तरफ रात्रिकालीन गश्त तेज करने की बात रखी। थानाधिकारी लखन खटाना ने लोगो से कहा कि आप गोपनीय तरीके से सूचना देकर पुलिस का सहयोग करे। वही थाने आकर कभी भी सुझाव दे।

## छात्राओं के साथ मनाया जन्मदिन

**भरतपुर (निस)।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बहनेरा भरतपुर की वरिष्ठ अध्यापक एवं महिला टीम की अध्यक्ष भावना अग्रवाल ने अपना जन्मदिन विद्यालय की छात्राओं के साथ मनाया। 9वीं 10वीं और 11वीं की छात्राओं की एक प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें सर्वोच्च अंक पाने वाली छात्राओं को हाथ घड़ी पुरस्कार में दी, साथ ही 10 वीं की सभी 29 छात्राओं को नोटबुक और पेन भी वितरक किए।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनोज शर्मा, व्याख्याता पवन कुमार, सत्यवीर सिंह, अनीता गुप्ता, पूनम मित्तल, सुषमा शर्मा, मधु गोयल, रेखा राजोरिया, मोहिनी सिंघल, सुनीता देवी आदि शिक्षिकाएं भी उपस्थित रही और कार्यक्रम में सहयोग किया।

# सुहागिन महिलाओं ने रखा करवा चौथ व्रत

**गंगापुर सिटी।** जिला मुख्यालय सहित आसपास के गांवों में करवा चौथ त्यौहार सुहागिन महिलाओं द्वारा रविवार को मनाया गया। कार्तिक कृष्ण चतुर्थी करवा चौथ को स्त्रियों द्वारा अखण्ड सौभाग्यवती, पति की दीर्घायु एवं स्वास्थ्य मंगल कामना के लिए व्रत रख कर एवं चन्द्रमा को अर्ध्य देकर व्रत पूर्ण करती है।

करवा चौथ के त्यौहार को लेकर बाजार में करवों की सजी दुकानों पर महिलाएं दिनभर करवे खरीदती नजर आई। इसके साथ ही महिलाओ ने चौथ माता मंदिर में पहुंच कर मां चौथ भवानी की पूजा की। इस दौरान महिलाओ ने सौलेह सिंगार किया और नए परिधान पहने। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाऐ सज धज कर चौथ भवानी के दरवार में पहुंची जहां पर उन्होने विधी विधान से पूजा अर्चना कर अपने परिवार की खुशहाली की कामना करते हुए पति के दीर्घायु होने का वरदान मांगा। रात्री में महिलाओ ने चन्द्रदेव को अर्घ दे कर व्रत खोला। करवा चौथ की व्रत कथा की कहानियां भी शास्त्रोक्त न होकर लोक समाज से हैं।

करवा चौथ भी इसी सम्मान का एक लोक त्योहार है। इसे विवाहिताएं पति की दीर्घायु, स्वास्थ्य और बलवृद्धि की कामना के साथ मनाती हैं।

# कोटा को पराजित कर सुरौठ की छात्राएं बनी विश्वविद्यालय चैंपियन

**सुरौठ।** कस्बे के आदर्श शारीरिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शुक्रवार से चल रही महिला वर्ग की अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का रविवारको समापन समारोह आयोजित हुआ। प्राचार्य एवं आयोजन अध्यक्ष डॉ एल एच पारधी प्रतियोगिता के मीडिया प्रभारी नरेंद्र बाबा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत माता फिजिकल कॉलेज किशनगंज (बारा ) के डायरेक्टर एवम नेशनल भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकारिणी सदस्य

डॉ मजीद मलिक ने छात्र खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं में महिलाओं की टीम अब पहले के बजाय अधिक आने लगी है यह खुशी की बात है। इस प्रतियोगिता में चयनित हुए खिलाडी आगे होने वाली अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में अपना बेहतर प्रदर्शन कर कोटा यूनिवर्सिटी का नाम रोशन करें। हारने वाली टीम निराश न होकर आगे अच्छी मेहनत कर जीत हासिल करें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजस्थान जन उत्थान संघ के सचिव स्वदेश शर्मा ने कहा खेलों में भाग लेने से तनाव ग्रस्त जीवन में सुकून मिलता है खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। बैन गंगा शारीरिक शिक्षा




विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

महाविद्यालय साकोली महाराष्ट्र के प्राचार्य सुनील चतुर्वेदी , अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष फारूक राणा ,आदर्श शारीरिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के निदेशक ओजस शर्मा रहे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित। इससे पूर्व अतिथियों ने विजेता ,उप विजेता टीमों के खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह व शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया। आयोजन कमेटी के प्राचार्य एल एच पारधी,ऑफिस सुपरीटेंडेंट विनोद तिवारी, नरेंद्र बाबा, देवी सहाय शर्मा,भूपल ,वीरेंद्र, वीर बहादुर, गोविंद मीणा , राजू लाल, सतवीर आदि ने अतिथियों का माल्यार्पण साफा बंधन कर स्वागत किया। कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम का मंच संचालन फिजिकल टीचर प्रियाकांत बेनीवाल ने किया।

अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान रविवार को प्रात:कालीन सत्र में भारत माता फिजिकल कॉलेज के डायरेक्टर डॉ मजीद मलिक

राजस्थान जन उत्थान संघ के सचिव स्वदेश शर्मा , प्राचार्य अध्यक्ष एल एच पारधी, आदर्श शारीरिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के निदेशक ओजस शर्मा,ऑफिस सुपरीटेंडेंट विनोद तिवारी ने फाइनल मुकाबले से पूर्व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर जीत की शुभकामनाएं दी और मैच विधिवत शुरू करवाए। वीडियो प्रभारी नरेंद्र बाबा ने बताया बॉस्केटवाल के फाइनल मुकाबले में आदर्श शारीरिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुरौठ ने राजकीय महाविद्यालय कोटा को 17-16 से ,खो खो में स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय गोठड़ा ने आदर्श शारीरिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुरौठ को 14-10 से, इसी तरह वॉलीबॉल में केशव महाविद्यालय अटरू ने राजकीय कन्या महाविद्यालय बूंदी को 2- 0 से पराजित कर विश्वविद्यालय चैंपियन बने।

## ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन

**भरतपुर ( निस )।** टैक्नोलॉजी पार्क स्थित श्री हरिदत्त डिग्री कॉलेज के तत्वाधान में अन्तर महाविद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन निदेशक डॉ आलोक शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें भरतपुर व धौलपुर के महाविद्यालयों के प्रतियोगियों ने भाग लिया। टैक्नोलॉजी पार्क के निदेशक डॉ आलोक शर्मा ने बताया कि महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर द्वारा आयोजित अन्तर महाविद्यालयी ताईक्वांडो प्रतियोगिता में भरतपुर-धौलपुर के महाविद्यालयों के पुरूष व महिला प्रतियोगियों ने विभिन्न बजन वर्ग में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता से पूर्व खिलाडियों को कूपर टेस्ट के अर्न्तगत 1600 मीटर की दौड करवाई गई। प्रतियोगिताओं में एकल महिला में 46 किलो, 49 किलो, 62 किलो व 67 किलो में क्रमशः तनु शुक्ला, हिना शर्मा व सभ्यता शर्मा ने व एकल पुरूष वर्ग में 54 किलो, 58 किलो, 63 किलो, 68 किलो, 74 किलो व 80 किलोग्राम में क्रमशः विजय प्रजापत, समीर वर्मा, हर्ष डागुर, ललित कुमार, हरिओम कुन्तल, आदित्य रविराज सिंह, वीरप्रताप सिंह ने अखिल भारतीय विश्वविद्यालय अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए योग्यता हासिल की एवं समूह वर्ग महिला वर्ग में सभ्यता शर्मा, रूचि डागुर व हिना शर्मा तथा पुरूष वर्ग में आदित्य रविराज सिंह, हर्ष डागुर, विजीत पाल ने योग्यता प्राप्त की।

# मनोचिकित्सक ने मनाया सामाजिक सरोकार भरा अनूठा जन्मदिन

**भरतपुर (निस)।** शहर के प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ प्रदीप डागुर ने परित्यक्त गौवंश के गले में रेडियम पट्टा बांधकर अपना 46वां जन्मदिन मनाया। गोवंश के गले में पट्टा बांधने का शुभारंभ किला स्थित बिहारी जी मन्दिर पर भरतपुर जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने गाय माता का पूजनकर, गुड खिलाकर तथा गले में रेडियम पट्टा बांधकर किया। कार्यक्रम से पूर्व डागुर दम्पति ने एसपी भरतपुर के साथ बिहारी जी मंदिर में पूजा अर्चना कर माता-पिता से आशीर्वाद लिया तथा अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति प्रतिबद्धता को दुहराते हुए सड़कों पर छोड़े गए लगभग 1000 गोवंश के गले में रेडियम पट्टा बांध कर रात्रि के समय गौवंश तथा उनके कारण होने वाली दुर्घटनाओं से आमजन को बचाने का संकल्प व्यक्त किया। मुख्य अतिथि मृदुल कच्छावा ने डॉ डागुर को माला पहनाकर जन्मदिन की बधाई दी तथा उनके द्वारा शुरू की गई अनूठी पहल की प्रशंसा की। डागुर परिवार द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा, भाजपा नेता गिरधारी तिवारी, एबीवीपी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील चतुर्वेदी, किसान नेता नैम सिंह फौजदार का मंदिर प्रांगण में माला साफा पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर पशु चिकित्सक डा महेश चंद्र, सीपी सिंह, एबीवीपी जिला संयोजक दौलत शर्मा, ग्राहक पंचायत



प्रमुख रीतेश शर्मा, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ चेतन डागुर, सुघड़ सिंह, प्रांशु पाठक, देवेन्द्र पण्डा गौरक्षा दल के कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में शुभचिंतक उपस्थित थे। मंदिर में नियमित आने वाले दर्शनार्थियों ने डॉ डागुर की इस प्रकार जन्मदिन मनाने की पहल को समाज के लिए प्रेरणा बताया। डागुर परिवार ने मंदिर प्रांगण में जरूरतमंद लोगों की आर्थिक मदद भी की। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व इस वर्षाकाल में डा डागुर ने हास्पीटल आने वाले अधिकांश मरीजों के परिजनों को पीपल बरगद विल्वपत्र के बड़े पौधे वितरण कर उनकी संभाल करने का संकल्प पत्र भरवाया। विगत वर्षों में डा डागुर ने विभिन्न विद्यालयों एवं सार्वजनिक जगहों पर लगभग 5000 बडे पौधे लगाए हैं। पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी साहब सिंह डागुर ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।